हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


11 श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह में सागर मंथन और वामन अवतार ...





12 आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी...






## खबर संक्षेप

### महिला व बेटी से मारपीट तीन पर मामला दर्ज

**बालोद।** तीन लोगों ने एक महिला की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़िता ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 14 शहीद चौंक राजहरा निवासी उर्मिला गुप्ता ने मेरा लडका रवि गुप्ता गली मे खडा था उसी समय बलराम तेलगु सायकल से आया और मेरे लडके के साथ मारपीट करने लगा, मैं तथा मेरी लडकी राधा गुप्ता दोनो बोले कि मेरे लडका के साथ क्यों मारपीट किये हो इतने मे बलराम द्वारा गाली गलौज करते हुए रवि गुप्ता के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा मारपीट होते देख पडोसी उजाला खान और उसकी मां अजमति अपने घर से आये और वे तीनो गाली गलौज कर मुझे तथा मेरी लडकी राधा गुप्ता को भी हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया है, मारपीट करने से मेरे माथा एवं नाक एवं लडकी राधा के बाये भौंह व दाहिने हाथ की छिनी उंगली को अजमति द्वारा दांत से कांट दिये है। जिससे खून बह रहा था।

### युवक से की गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी

**बालोद।** पुरानी रंजीश को लेकर एक व्यक्ति ने गाली गलौज कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने गाली गलौज करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम डोकला निवासी कौशल नेताम ने पुलिस को बताया कि अनमाले निषाद न बुढ़ादेव मंदिर पास आकर अपने हाथ में सब्जीं काटने का चाकू दिखाते हुये बोला कि पूर्व में मेला मंडई के समय मेरे साथ झगड़ा विवाद किये हो कहकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया है।

### पूर्व विवाद में युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पूर्व विवाद के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित के भैया ने हमला करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम धनेली निवासी राजकुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे बडे भाई सुभाष साहू को गांव के यशवंत साहू के द्वारा राम मंदिर धनेली के पास पूर्व में हुये वाद विवाद को लेकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं अपने हाथ में रखे बोलत से माथ में मारने से चोट आने के कारण माथे में चोट लगा था। डाक्टर के द्वारा रिफर करने पर अस्पताल धमतरी में भर्ती कराकर ईलाज चल रहा है।

### रंग लगाने पर विवाद फिर युवक से की मारपीट

**बालोद।** जबरदस्ती रंग लगाने से मना करने पर व्यक्ति ने मना करने वाले दूसरे व्यक्ति के साथ मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम झींकाटोला निवसी एवन साहू ने पुलिस को बताया कि रिश्ते के भाई दिनेश साहू के छोटे बच्चे हमारे घर शेष पेज 11 पर

# पीएमश्री शालाओं को मॉडल बनाने पर जोर, कलेक्टर ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा

## शिक्षकों की उपलब्धता, संसाधन और अधोसंरचना पर की गई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि पीएमश्री शाला के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है।

जिसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी पीएमश्री शालाओं में शिक्षकों की समुचित उपलब्धता, पर्याप्त मात्र में पाठ्य सामग्री अध्ययन–अध्यापन की अनुकूल परिवेश के साथ मानवीय एवं भौतिक संसाधन आदि सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट होनी चाहिए। कलेक्टर मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के सभी पीएमश्री शालाओं के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों, संस्था प्रमुखों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर पीएमश्री शालाओं की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

उल्लेखनीय है कि जिले के सभी 13 पीएमश्री शालाओं के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सभी अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में कलेक्टर ने पीएमश्री शालाओं में अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था, शिक्षकों एवं जरूरी संसाधनों की उपलब्धता, अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के अलावा संस्थाओं द्वारा शिक्षा गुणवत्ता के साथ–साथ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु निर्धारित कार्ययोजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

### बारी-बारी से समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने प्रत्येक पीएमश्री शालाओं में शिक्षकों एवं संसाधनों की समुचित उपलब्धता, खेल मैदान, पौधरोपण की स्थिति, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं फनएँचरों की उपलब्धता के साथ–साथ शिक्षकों एवं बच्चों के आई कार्ड, शुद्ध पेयजल उपलब्धता के अलावा शौचालय, हैण्डवॉश की सुविधा, पर्याप्त मात्र में कमरों की संख्या आदि सभी व्यवस्थाओं की बारी–बारी से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिले के सभी पीएमश्री शालाओं में समुचित संसाधन एवं परिवेश उपलब्ध कराकर पीएमश्री शालाओं को मॉडल शाला विकसित करने के निर्देश दिए।



### नियमित निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के दिए निर्देश

मिश्रा ने पीमएश्री शालाओं में अतिरिक्त कक्ष एवं मरम्मत कक्ष की आवश्यकता होने पर इसके लिए तत्काल प्रस्ताव प्रेषित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा सभी नोडल अधिकारियों को पीएमश्री शालाओं में नियमित रूप से पहुंचकर शिक्षा गुणवत्ता का सतत मॉनिटरिंग करने को कहा। कलेक्टर ने पीएमश्री शालाओं में बच्चों की दर्ज संख्या, परीक्षा परिणाम आदि सभी व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पीएमश्री शालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने के निर्देश दिए।

**पहल**

जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की पहल

# नीर चेतना अभियान के तहत भाठागांव में 5000 ट्रेंच निर्माण का शुभारंभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में जल संरक्षण एवं भूजल स्तर में वृद्धि करने हेतु आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भाठागांव (आर) में जल संचय, जन भागीदारी (जेएसजेबी 2.0) अंतर्गत नीर चेतना अभियान के तहत 5000 ट्रेंच निर्माण का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जल के बिना भविष्य की कल्पना भी नही की जा सकती। गिरते भू–जल स्तर को देखते हुए हमें सजग होने की आवश्यकता है। ट्रेंच निर्माण वर्षा जल को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसे जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्राथमिकता से अपनाया जाना चाहिए। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन बालोद द्वारा भू–जल स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नीर चेतना अभियान' के अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड में कुल 20 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच का निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है।

■ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान, ग्रामीणों से जुड़ने की अपील

ग्राम भाठागांव आर के समीप बहने वाले नाले के समांतर 05 हजार ट्रेंच का निर्माण कार्य का आज शुभारंभ हुआ है। जिससे भविष्य में 27 लाख लीटर जल संचित होगा। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड में 20 हजार ट्रेंच निर्माण के पश्चात लगभग 01 करोड़ 35 लाख लीटर वर्षा जल संरक्षण की संभावना है।

### मुहिम से जुड़ने की अपील

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ट्रेंच निर्माण हेतु श्रमदान किया और ग्रामीणों को इस मुहिम से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जन प्रतिनिधियों, सरपंचों, सचिवों, रोजगार सहायकों और बिहान समूह की महिलाओं से अपील की कि वे जल संरक्षण को एक जन आंदोलन का रूप दें। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक लेखराम साहू, जिला पंचायत सदस्य कान्ती सोनेश्वरी, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चन्द्राकर, जनपद सदस्य कौशल सुरेश साहू, रामेश्वर चन्द्राकर के अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, बिहान समूह की दीदियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि गुण्डरदेही विकासखण्ड वर्तमान में भू–जल स्तर की दृष्टि से सेमी–क्रिटिकल जोन में शामिल है। नीर चेतना अभियान' के तहत वॉटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच तकनीक को अपनाया जा रहा है। इन ट्रेंच के माध्यम से वर्षा जल सीधे जमीन के भीतर जाएगा। जिससे न केवल भू–जल स्तर ऊपर उठेगा, बल्कि मृदा संरक्षण और क्षेत्र की हरियाली में भी वृद्धि होगी।

# ब्लॉक कांग्रेस ने क्षेत्र की जटिल समस्याओं को विधानसभा में उठाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

छत्तीसगढ़ विधानसभा रायपुर में गुरूर ब्लाक जिला बालोद से कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता गण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा, सरायपाली विधायक चादुरीनंद, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक धुरव, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात कर विभिन्न जटिल समस्याओं को विधानसभा में उठाकर लोगों को राहत दिलाने की मांग की। इस दौरान उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद तामेश्वर साहू, ब्लाक उपाध्यक्ष दुर्गूराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि एवं सरपंच डांडेसरा टोमन साहू, अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग जिला बालोद व चितर सिंह साहू, तुलसी निषाद, रेणुका सिन्हा, प्रेमलता साहू, गोदावरी साहू, महेंद्र कोटंगे, पंचगण होमलाल पटेल, मोनू सिन्हा सहित सभी लोग संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में सभी नेताओ से सौजन्य मुलाकात किया गया एवं क्षेत्र के जिसके लिए विधायक को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया।

■ संगीता के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल

# संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत, मकान मालिक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

थाना क्षेत्र में अविवाहित युवती की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी मकान मालिक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पर युवती को डरा-धमकाकर अवैध संबंध बनाने तथा गर्भपात के लिए दवाई देने का आरोप है, जिससे युवती और गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई।

■ गर्भपात की दवा देने का आरोप

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 मार्च 2026 को थाना डौंडीलोहारा में मर्ग क्रमांक 17/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत एक युवती की मृत्यु की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतिका की मां से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि वह अपनी दो बेटियों और एक बेटे के साथ लगभग तीन वर्षों से रामनगर डौंडीलोहारा निवासी सुनील कुमार घरडे के मकान में किराए से रह रही थी। 9 मार्च की रात करीब 9.30 से 10 बजे के बीच युवती को कमर, पेट और पैरों में तेज दर्द होने लगा। इस दौरान मकान मालिक ने उसे दर्द की दवा बताकर गोली दी, जिसके बाद युवती की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों एवं अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए।

### डरा धमकाकर शारीरिक संबंध बनाया

जांच में सामने आया कि आरोपी मकान मालिक सुनील कुमार घरडे ने युवती को लंबे समय से डरा-धमकाकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे, जिससे युवती लगभग नौ माह की गर्भवती थी। आरोपी ने अपने अपराध को छिपाने के उद्देश्य से युवती को दवा खिलाई, जिससे युवती और गर्भ में पल रहे नवजात शिशु की मौत हो गई। मर्ग जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 90, 91, 105, 238, 351(3) एवं 64(2) के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी सुनील कुमार घरडे (59 वर्ष), निवासी रामनगर डौंडीलोहारा को 11 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई में इनकी रही उपस्थिति

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर तथा उप पुलिस अधीक्षक बोनी फॉस एक्का के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक विरेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक दिगम्बर वर्मा, प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, महिला प्रधान आरक्षक लिलेश्वरी देवांगन, महिला आरक्षक सोनिया, आरक्षक विनोद, अजय, पुनम खरे, डोमेन्द्र भंडारी, राकेश गावड़े तथा सायबर सेल टीम बालोद से सहायक उप निरीक्षक धरम भुआर्य, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, विपिन गुप्ता एवं राहुल कुमार का विशेष योगदान रहा।







## खबर संक्षेप

### आज आएंगे पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव



**खैरागढ़।** जिपं सदस्य व कांग्रेस नेता के परिजनो से भेंट मुलाकात करने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का आज शहर आगमन होगा। उपमुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी पत्र अनुसार श्री सिंहदेव सुबह दस बजे जालबांधा पहुँचेंगे जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओ से भेंट मुलाकात बाद पांडुका मे भागचंद पारख के घर परिजनो से मिलेंगे। सवा बारह बजे मां दंतेश्वरी दर्शन, रूक्खड़ स्वामी मंदिर मे दर्शन पूजा अर्चना उपरांत सिविल लाइन दुर्गा चौक मे स्व राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा मे माल्यार्पण करेंगे। कांग्रेस नेता नित्यशरण सिंह के सुपुत्र के अननप्राशन कार्यक्रम मे उपसर्थिति बाद श्री सिंहदेव जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के आवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेंगे।

### प्रदेश में अवैध अफीम की खेती और गैस किल्लत पर बोला हल्ला

# कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव, जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में पहले समोदा और अब बलरामपुर मे अवैध अफीम की खेती के साथ देश मे रसोई गैस की किल्लत को लेकर सियासी पारा पूरी तरह चढ़ चुका है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साय सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल पिपरिया स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर पहुंचकर दुर्ग और बलरामपुर में हो रही अफीम की अवैध खेती के मुद्दे को लेकर जमकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओ ने कहा कि प्रदेश की शांत धरती पर अफीम की खेती होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सब सरकार की नाक के नीचे हो रहा है। यदि दोषियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस इस आंदोलन को ब्लॉक स्तर से लेकर राजधानी तक और उग्र करेगी। उन्होने स्पष्ट कहा कि जनहित और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

#### नशा परोस रही है सरकार : डॉ भारद्वाज

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने सामाजिक सरोकारों का हवाला देते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार अपने चरम पर है। छोटे-छोटे बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे प्रदेश का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रभावी रोक लगाने के बजाय अप्रत्यक्ष रूप से नशा परोसने का काम कर रही है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिरमौर, विजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, आकाशदीप सिंह, सुबोधकांत पांडेय, पूरन सारथी, रवींद्र सिंह गहरवार, रिंकू गुप्ता, नरेंद्र सेन, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सूरज देवांगन, उमेश साहू, भूपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### आम जनता व व्यापारी वर्ग परेशान

प्रदर्शन के दौरान अफीम की खेती के साथ-साथ कांग्रेसियों ने देश प्रदेश सहित पूरे जिले में हो रही रसोई गैस की किल्लत को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा कांग्रेसियों का कहना था कि सिलेंडर न मिलने से आम जनता और व्यापारी वर्ग परेशान है। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू नहीं की, तो इसके लिए भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाजपा कार्यालय घेराव दौरान कांग्रेसियो के उत्साह को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# सामूहिक विवाह का आयोजन



**राजनांदगांव।** गोंडवाना समाज केन्द्र सुवरबोड़ द्वारा पूर्व सांसद स्व. लाल श्याम शाह के पुण्यतिथि अवसर पर 10 मार्च को मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के ग्राम मड़ियानवाड़वी में एक दिवसीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रशाह मंडावी व अध्यक्षता केन्द्र अध्यक्ष पुरण कुमेटी ने किया। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह समेत लाल लक्ष्मेन्द्र शाह, गेंदकुंवर ठाकुर, डीआर आचला, नरसिंह भंडारी, चन्द्रेश ठाकुर, नोहरूराम कोरेटी, लालसिंह सोरी, नारायण नेताम, पदुम सिंह तोप्पा, कुमार कोरेटी, नोहरूराम कुमेटी, मानसाय बोगा, लाल सिंह सोरी, प्रबल सलामे, नारायण सिंह नेताम, केजूराम गोगा, राय सिंह सोरी, भावसिंह कुमेटी, सुखराम तुलावी, चित्ररेखा चनापे, बिराजबाई उइके, रमशिला नेताम, सुंदाय कुंदन धुर्वे, थानुराम नुरेटी, लतखारे सिंह नुरेटी, रेशम नुरेटी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज द्वारा 02 जोड़ी विवाह गोंडवाना रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया।

मुख्य अतिथि इंद्रशाह मंडावी ने नवविवाहित दपंत्तियों को शुभकामनाएं देते आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने ग्राम में बेहतरीन आयोजन की सराहना की। उन्होंने समाज के लोगों को नशापान आदि बुराईयों से दूर रहने तथा बचत की आदत डालने की अपील भी की। लाल लक्ष्मेन्द्र शाह ने समाज के दशा एवं दिशा के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। चंद्रेश ठाकुर ने समाज द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

# उदयपुर में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने उदयपुर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल तथा विज्ञान सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा।




#### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

उक्त अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के साथ विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। महिला सेल की सहायक उपनिरीक्षक ने साइबर अपराध एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी साझा करते हुए सतर्क रहने का आव्हान किया। इस दौरान ज्योति जंघेल, दुष्यंत जंघेल, खम्हन ताम्रकार, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीतराम खुटेल, परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे, वृंदा हनवंत, सुरेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे। अंत में परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने आभार व्यक्त किया।

### एक दिवसीय कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** विश्व श्रवण दिवस पर कम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि विश्व श्रवण दिवस प्रतिवर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य श्रवण हानि (सुनने की समस्या) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कान एवं श्रवण स्वास्थ्य की देखभाल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बच्चों में श्रवण समस्याओं को शीघ्र पहचान, समय पर हस्तक्षेप, सामुदायिक जागरूकता तथा शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर हितग्राहियों को 5 श्रवण यंत्र, 3 एलएस ब्रेस, 2 स्टिक एवं 1 ट्राइपॉड प्रदान किए गए। साथ ही सीआरसी की महिला कर्मचारियों को दिव्यांगजनों की सेवा में उनके समर्पण एवं संस्थान की प्रगति में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. राहुल सिंह चौहान, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. गौर, डॉ. अश्विनी शेट्टी दिवाकर, डॉ. तृप्ति पंजवानी आदि उपस्थित थे।

# सावित्रीबाई फुले हैं शिक्षा की देवी : विप्लव साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता व राजनीतिज्ञ विप्लव साहू ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन संघर्षों को याद किया। मौजूद छात्रों से संवाद करते हुए विप्लव साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका ही नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत थी। उन्होंने ऐसे समय में महिलाओं की शिक्षा और समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया, जब समाज में इसके प्रति गहरा विरोध था. उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर भारत का पहला बालिका विद्यालय शुरू किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता और न्याय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

#### समाज सुधार के लिए किया जीवन अर्पण

विप्लव साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले वास्तव में शिक्षा की देवी हैं क्योंकि उन्होंने लड़कियों और वंचित समाज के लिए शिक्षा का दीप जलाया. उन्होंने भ्रूण हत्या के विरोध, बाल हत्या प्रतिबंध गृह की स्थापना, विधवा मुंडन की कुप्रथा का विरोध सहित समाज सुधार के कई ऐतिहासिक कार्य किया साथ ही समाज में समानता और न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाया। विद्यार्थियों के बीच शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक जागरूकता के महत्व पर भी चर्चा दौरान विप्लव साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पढना-लिखना सीखना नहीं, बल्कि तर्कसंगत, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और समाज में समानता व न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत पहुंचे ठेलकाडीह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले के नेतृत्व में प्राणीशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों सहित प्राध्यापक डॉ. माजिद अली, गुरप्रीत सिंह भाटिया, चिरंजीव पाण्डेय एवं करुणा रावटे ठेलकाडीह पहुंचे, जहां उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित पोषक विद्यालय संपर्क अभियान एवं महाविद्यालय के विस्तार गतिविधि अग्रणी दिग्विजय कार्यक्रम के तहत शा.उ.मा.शाला ठेलकाडीह पहुंचे, जहां प्राचार्य श्रीमती गढ़पायले ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

तत्पश्चात संस्था के सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली ने 11वीं एवं 12वीं कक्षा के कला विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे लाइब्रेरी, फ्री हॉस्टल एवं विभिन्न प्रकार की दिए जाने वाले स्कॉलरशिप के बारे में भी विस्तार से समझाया। साथ ही महाविद्यालय द्वारा रोजगार मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट कैंप के आयोजन के बारे में भी विस्तार से बताया।




#### समय समय पर कैम्पस का आयोजन

प्रो. चिरंजीव पाण्डेय ने जानकारी दी कि दिग्विजय महाविद्यालय में लगभग 7:30 हजार निमित्त विद्यार्थी तथा 10000 से अधिक स्वाध्याय विद्यार्थी हैं। विद्यार्थियों के लिए रोजगार मार्गदर्शन तथा कौशल प्रशिक्षण प्रकोष्ठ महाविद्यालय में संचालित है। जिसके द्वारा देश की जानी-मानी लगभग 60 कंपनियों द्वारा समय-समय पर कैंपस का आयोजन किया जाता है। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के समापन के पूर्व संस्था प्राचार्य ने सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राध्यापक गुरप्रीत सिंह भाटिया, चिरंजीव पाण्डेय सहित स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम के समस्त विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

#### विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

ज्ञात हो कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राज्य का एक अग्रणी महाविद्यालय है, जहां 6000 से अधिक नियमित विद्यार्थी अध्यनरत है। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति 2020 के तहत हुए बदलाव के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करना उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य था। डॉ. माजिद अली ने बताया कि अनूप विद्यार्थियों को अपने विषय के अतिरिक्त अभिरुचि के अनुसार अन्य विषयों को भी चुन्नी की आजादी देता है। साथ ही सामान्य स्नातक विद्यार्थी यदि 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करता है, तो उसे चौथे वर्ष में ऑनर्स स्नातक की सुविधा मिलती है। चौथे वर्ष में विद्यार्थी को रिसर्च तथा इनोवेशन की पढ़ाई करनी होती है। साथ ही 4 वर्षीय ऑनर्स स्नातक को स्नातकोत्तर में 1 वर्ष की छूट मिलती है, उसे केवल 1 वर्ष में पीजी की डिग्री प्रदान की जाती है।

# चमत्कारों के विज्ञान का प्रदर्शन और व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आदिवासी छात्रावास में चमत्कारों के विज्ञान का प्रदर्शन और व्याख्यान का आयोजन किया गया। पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में 7 मार्च को छात्रों को जागरूक करते वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा बताया गया कि बिना जाने किसी भी बात को नहीं मानना चाहिए। आज-कल सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत सा झूठ परोसा जाता है, उससे सावधान रहना है। अच्छी शिक्षा के लिए पूरे मन से मेहनत कर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ढाई हजार साल पहले बुद्ध द्वारा बताए गए कलाम सूक्त का उल्लेख करते बच्चों को बताया कि किसी बात को इसलिए मत मानों कि उसे बहुत से लोग मानते हैं। किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि वह बड़ी-बड़ी पुस्तकों या पवित्र माने जाने वाले ग्रंथों में लिखी हुई है, किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि उसे किसी बड़े आदमी, किसी गुरु, किसी बड़े नेता या मैंने कही है, बल्कि उसे तब मानों जब तुम खुद जान लो कि वह कैसी है।



#### दुष्प्रभावों से कराया अवगत

इस अवसर पर भिलाई से आए शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी और इंटरनेशनल चेस आर्बिटर पीएन राव ने बच्चों को अंधविश्वास से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को अपना आत्मविश्वास बढ़ाने कहा और उन्हें शहीद भगतसिंह के शहादत के बारे में बताते उनकी अध्ययन के प्रति लगन का उल्लेख किया। विज्ञान संचारक प्रशांत ने बच्चों को बेहतर जीवन के लिए अच्छी शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की इकाई का गठन किया गया है। विज्ञान में रूचि रखने वाले नागरिक इसकी सदस्यता ले सकते हैं। इस अवसर पर अधीक्षक मोहनीश उइके, छात्र नायक कैरल्स कोठारी सहित प्रफुल्ल मंडावी, भूपेंद्र तोप्पा, सुभाष सोरी, डिकेश्वर मंडावी, सुभम कोरेटी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सम्मेलन के बाद जस गायन की प्रस्तुति

# यादव समाज के महिला महासम्मेलन में हुआ सम्मान, होली मिलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला कोसरिया यादव समाज ने प्रदेश स्तरीय महिला महा सम्मेलन, होली मिलन साथ फतेह मैदान मे सम्मान समारोह आयोजित किया। संगीत विवि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, खैरागढ़ नपा अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर, छुईखदान नपं अध्यक्ष नम्रता गिरीराज किशोर दास, पूर्व नपं अध्यक्ष पर्तिका महोबिया, डॉ साधना अग्रवाल, डॉ पद्मा साहू पर्वणी और सेजेस प्राचार्य उमा यादव की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले शहर के डेढ़ सौ से उपर प्रतिष्ठित महिलाओं का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मेलन बाद देर शाम जस गायक दुकालू यादव की प्रस्तुति हुई जिसका बड़ी संख्या मे लोगों ने आनंद उठाया।



होली मिलन कार्यक्रम मे समाज के प्रदेश व जिला यादव समाज के मन्नालाल यादव राजनांदगॉव, विश्वनाथ यादव डोंगरगढ़, अमर यादव, अनिल यादव दुर्ग, रविंद्र यादव बेमेतरा, डोमलाल यादव कबीरधाम सहित प्रदेश के सभी जिलो के महिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने समाज विकास को लेकर एकजुटता से काम करने का संकल्प जाहिर करते हुए रंग गुलाल की होली खेली। इस दौरान महिला विंग जिलाध्यक्ष आरती सूर्यकांत यादव, सीमा यादव, गीता यादव, कंचन यादव, कुसुम यादव, शांति यादव, लक्ष्मी यादव, पुश्पा यादव, उर्मिला यादव, गौरी यादव, मेहतरिन यादव, कांता यादव, मोनिका यादव, गीता यादव, जमुना यादव सहित बडी संख्या मे महिला पुरूष व युवाओ सहित बच्चे मौजूद थे।

#### घर जाकर किया सम्मान

लाला जगदलपुरी सम्मान से सम्मानित प्रदेश के प्रतिष्ठित कवि व साहित्यकार डा. जीवन यदुराही के स्वास्थ्य को देखते हुए महिलाओं ने उनके घर जाकर सम्मान किया और कहा कि डॉ यादव समाज के शिरोमणि स्वरूप है। सभी ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की और ससम्मान शाल श्रीफल व प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया।

# समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

- महिलाएं परिवार का स्तंभ होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुजाता महिला बौद्ध समिति ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष पदमा मेश्राम थी। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव नलिनी मेश्राम ने की। विशिष्ट अतिथि राधिका जंघेल, पुष्पा साखरे, प्रभा चनद्रिकापुरे, किरण मेश्राम, चन्दना भावे थी। सुजाता महिला बौद्ध समिति की अध्यक्ष सविता मेश्राम एवं अन्य ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात नलिनी मेश्राम ने बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर अधिक ध्यान देने कहा। महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष पदमा मेश्राम ने कहा कि महिलाएं बहुत ही धैर्यवान होती है। एक महिला शिक्षित होती है तो वह मायका और ससुराल को शिक्षित करती है। वह परिवार का स्तंभ होती है। अंत में सुजाता महिला बौद्ध समिति ने अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुजाता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, प्रीति मेश्राम, अरुणा गजभिए, प्रियंका कुंभलवार, सारिका अम्बादे, लक्ष्मी बोरकर, पूजा मेश्राम, नीना कोटांगले, चंदन भावे, पायल बंसोड़, पुष्पा, आशुमाला मेश्राम, वंदना कुंभलवार सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।




### बंसल ने की एनसीडी कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल ने स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की बैठक लेकर एनसीडी कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत 22 कोलोकेटेड संस्था में एनसीडी कार्यक्रम के तहत बीपी, शुगर एवं कैंसर स्क्रीनिंग की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर भी शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कोलोकेटड संस्थाओं को आशातीत उपलब्धि नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिदिन रिपोर्ट की मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी एनसीडी द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, नोडल अधिकारी (एनसीडी) डॉ. अशोक कुमार बसोड़, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी आदि उपस्थित थे।

## बाजार में पहुंचे मटके, बढ़ने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के शुरूआती दिनों से ही मिट्टी के घड़ों की खरीदारी शुरू हो गई है। बढ़ती गर्मी के साथ ही लोग मटका लेने बाजार पहुंच रहे हैं। शहर के जयस्तंभ रोड पर मिट्टी के बर्तनों की दुकान पर मटकों का भंडारण नजर आ रहा है।

इस वर्ष ग्राहकों को आकर्षित करने मटकों में कुछ सजावटें भी देखी जा रही है। वहीं प्राकृतिक रूप से ठंडा होने वाले मिट्टी के घड़ों के अलावा अब मिट्टी की बोतलें भी बाजार पहुंच रही है। इस बोतल में ढक्कन भी लगाया गया है। जिससे इसे आसानी से लोग अपने सफर में साथ ले जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ओपन स्कूल परीक्षा के प्रवेश पत्रों का वितरण

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल कि वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2026 का प्रवेश पत्र विकासखंड समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा को प्राप्त हो गया है जिसका वितरण 12 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से किया जाएगा। जिसके लिए परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कि पावती लेके आना आवश्यक है। जानकारी प्रदान करते हुए विकासखंड समन्वयक संस्था के संस्था प्रमुख विरेंद्र कुमार भंडारी ने बतलाया कि 16 मार्च को 12 वीं के हिंदी विषय से तथा 17 मार्च को 10 वीं के हिंदी विषय से परीक्षा प्रारंभ होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ के 1 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य हैं।

### दो दिनी फाग गायन व झांकी प्रतियोगिता 14 से

**बालोद/निकुम।** नवजागृति फाग समिति एवं समस्त ग्रामवासी खुरसुनी के तत्वाधान में दो दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता आगामी 14 मार्च शनिवार और 15 रविवार मार्च को आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार झांकी पक्ष में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपये, द्वितीय 4000 रूपये, तृतीय 3000 रूपये, चतुर्थ 2000 रूपये, पंचम 1000 रूपये रखा गया है व बैठकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये व अंतिम पंचम पुरस्कार 751 रुपए रखी गई है, वही यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख चंद्रशेखर साहू ने दिया।

### कमलेश गोंड़ महासभा के अध्यक्ष बने

**भिलाई।** केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागड़ की हुई विशेष सभा में सर्वसम्मति से कमलेश ध्रुव को महासभा का केंद्रीय अध्यक्ष घोषित कर उनकी प्रबंध कार्यकारिणी को अनुमोदन प्रदान किया गया। चुनाव पांच वर्ष के लिए किया गया।

पेज 9 का शेष

### रंग लगाने को लेकर विवाद...

होली खेलने आये थे। तभी मेरी पत्नी कविता, दिनेश साहू को बोली कि हम लोग होली नहीं खेल रहे हैं उसके बाद भी दिनेश गालियां देते हुए मेरी पत्नी के उपर गुलाल लगाने का प्रयास किये। तब मैं देखा तो दिनेश को गुलाल लगाने से मना किया तो वह नाराज होकर मुझे भी गालियां देते हुए मेरे कालर को पकडकर घर के बरामदा के दरवाजा चौंखट लकडी मे ले गये और जान से मारने की धमकी देते हुए जोरदार ठोकर मार दिये जिससे मेरे बायें माथा के पास एवं दाहिने सीना मे चोंट आकर माथा से खून निकला था।

## निधन

### विजय साहू

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी पूर्व सरपंच



विजय साहू उम्र 63 वर्ष का अकास्मिक निधन 12 मार्च को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तीधाम किया गया। वे भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये, वे नर्मदा साहू पति व सुखनंदन साहू के बड़े भाई थे।

### रामकृष्ण योगी



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा गाधींभाठा पारा निवासी सेवानिवृत शिक्षक रामकृष्ण योगी उम्र 83 वर्ष का अकास्मिक निधन 12 मार्च को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तीधाम किया गया। वे भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये, वे मुरलीकृष्ण योगी पति व प्रेमलता योगी व अमरनाथ योगी के पिता थे।

### हेमलाल साहू



**बालोद।** ग्राम नेवारीकला निवासी हेमलाल साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सोहागा साहू के पति, दिनकर साहू, देवेश साहू के पिता थे।

## प्रवचन : श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे, आरती व प्रसाद के साथ हुआ समापन

# श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह में सागर मंथन और वामन अवतार की कथा से भक्त हुए भावविभोर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

आज से 66वर्ष पूर्व (विक्रम संवत 2082 माघ सुदी 15) सार्वभौमिक सिद्धांत के महामंडलेश्वर सम्राट महर्षि स्वामी मुक्तानंद परिव्राजक के पदांकित एवं प्रवचन स्थल मुक्त वाटिका सिकोला में सिकोला, देवगहन, सलौनी, गुरेदा, भरदा, रौना, ओड़ारसकरी,चीचा, तिलखैरी के ग्रामीण व मुक्त वाटिका समिति के सदस्यों एवं मुख्य जजमान तिजिया बाई गैधर साहू एवं उनके बांधवपरिवार योगिता नंदकिशोर (परीक्षित ) के सहयोग से चतुर्थ दिवस में संत श्री निरंजन महाराज ने अपने श्रीमुख से गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन,देव असुर संग्राम, वामन अवतार,राजा बलि प्रसंग की कथा के माध्यम से भगवान किशन कन्हैया के भक्ति को लोगों में आत्म कल्याण हेतु पंचम वेद श्रीमद् भागवत महापुराण



की कथा की महात्म्य को आत्मसात करने सरल सहज ढंग से अध्यात्म का समायोजन, भव से पार होने का, मोक्ष प्राप्ति का साधन श्रीहरि के चरण एवं उनके गुणानुवाद का स्मरण कराकर भक्तजनों को धन्य किये ।

टुमन लाल सेन सलौनी ने निवेदन किया है कि आसपास के सभी श्रद्धालु अपने जीवन की व्यथा को दूर करने के लिए संत श्री के मुख से भगवत कथा श्रवण लाभ लेने के लिए अवश्य पहुंचे। कथा वाचन यशस्वी, सत्प्रखर, परम पूज्य गुरुदेव आचार्य निरंजन महाराज जी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने श्रीमद् भागवत के अनेक प्रेरणादायक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज जी ने गजेन्द्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए बताया कि जब हाथी गजेन्द्र मगरमच्छ के चंगुल में फंस गया और उसने सच्चे मन से भगवान विष्णु का स्मरण किया, तब भगवान स्वयं प्रकट होकर अपने भक्त की रक्षा करने पहुंचे और उसे मोक्ष प्रदान किया।

इस प्रसंग से महाराज जी ने बताया कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से भगवान अवश्य अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इसके बाद सागर मंथन और देव-असुर संग्राम का प्रसंग सुनाया गया। आचार्य जी ने बताया कि देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया, जिससे अनेक दिव्य रत्न प्रकट हुए। इस दौरान भगवान विष्णु ने देवताओं की सहायता कर धर्म की स्थापना की।

### राजा बली की कथा से दिया दान और धर्म का संदेश

कथा के अगले प्रसंग में वामन अवतार और राजा बली की कथा का वर्णन किया गया। महाराज जी ने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर दानवीर राजा बली से तीन पग भूमि मांगी। भगवान ने अपने विराट रूप में तीनों लोकों को नाप लिया और राजा बली को पाताल लोक का स्वामी बना दिया। इस कथा के माध्यम से दान, भक्ति और भगवान की लीला का महत्व बताया गया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में मुख्य यजमानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन किया गया।

# रिसामा में महिला आयोग की सदस्य मंडावी का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी भीमा मंडावी के प्रथम बार रिसामा आगमन पर

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से किया स्वागत
- महिला सशक्तिकरण और अधिकारों पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और आत्मीय अभिनंदन के साथ उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के अधिकार और समाज में उनकी भागीदारी को लेकर भी चर्चा की गई। ओजस्वी भीमा मंडावी ने महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए महिला आयोग की भूमिका और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

इस अवसर पर भाजपा अंडा-निकुम मंडल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से महामंत्री डिलेश गब्बर साहू, राजेंद्र साहू, तामेश्वर ठाकुर, जोधन साहू, एमेश साहू, राजू साहू, हनिस यादव और कमलेश ठाकुर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने महिला आयोग की सदस्य का स्वागत करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और क्षेत्र की महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

# ग्राम पोण्डी में कल जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन

- सभी विभागों के अधिकारी रहेंगे उपस्थित,ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर किया जाएगा निराकरण
- शासकीय योजनाओं की जानकारी के लिए लगाए जाएंगे

बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरोंका आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम पोण्डी में 13 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजन हेतु ग्राम पोण्डी में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी बालोद नूतन कंवर नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक माह न्यूनतम दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिनमें सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। जिससे राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए शिविर स्थल पर सभी विभागों के सुव्यवस्थित स्टॉल लगाए जाएंगे और योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

# सेन समाज का महिला परिचय सम्मेलन और महिला प्रकोष्ठ गठन 17 मार्च को

## महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला सेन समाज बालोद द्वारा पहल करते हुए जिला स्तरीय महिला सेन समाज परिचय सम्मेलन एवं महिला प्रकोष्ठ गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम 17 मार्च को बंजारी धाम जुगेरा स्थित सामाजिक भवन में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। यह समाज की मातृशक्ति को संगठित करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सामाजिक सरोकारों में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास माना जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं इकाइयों से जुड़ी महिलाओं को एक मंच पर लाकर आपसी परिचय, संवाद और संगठन विस्तार की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला सेन समाज की प्रदेशाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन उपस्थित रहेंगी। वे महिला सशक्तिकरण, सामाजिक नेतृत्व और संगठनात्मक मजबूती से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त करेंगी तथा समाज की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सेन समाज बालोद के जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि सेन समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुनित सेन होंगे। इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉक एवं इकाइयों से नव–निर्वाचित महिला पदाधिकारी, समाज की वरिष्ठ महिलाएं एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति अपेक्षित है। सम्मेलन के दौरान महिला प्रकोष्ठ का विधिवत गठन कर समाज में महिलाओं की संगठनात्मक भूमिका को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिला सेन समाज बालोद के पदाधिकारियों ने जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं इकाई अध्यक्षों से विशेष आग्रह किया है कि वे अपने–अपने क्षेत्र की महिला पदाधिकारियों और समाज की मातृशक्ति को इस सम्मेलन की जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि यह आयोजन समाज की एकता, जागरूकता और संगठनात्मक शक्ति का एक सशक्त उदाहरण बन सके।

समाज के पदाधिकारियों का मानना है कि इस सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं में सामाजिक चेतना, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत होगी, जिससे सेन समाज के विकास और सामाजिक समरसता को नई दिशा मिलेगी।

### 300 घरों तक पहुंचाया पानी, सरपंच सम्मानित

**दुर्ग।** जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम चिरपोटी के 300 घरों में जलजीवन मिशन के अंतर्गत साफ पहुंचना शुरू हो गया है। गांव की सरपंच पूजा चंद्राकर का इसमें विशेष प्रयास रहा, उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को योजना से जुड़ी जानकारी दी। कनेक्शन लेने के लिए सहमति बनाई। वर्तमान में गांव में दो बोर की मदद से हर घर में पानी पहुंच रहा है। आगामी दिनों में उमरपोटी में बन रही टंकी के माध्यम से शिवनाथ नदी का पानी गांव तक पहुंचेगा। जिले से ग्राम चिरपोटी की सरपंच को गांव में नल जल प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। सरपंच की भूमिका को अहम मानते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। पूजा चंद्राकर ने बताया कि गांव काफी जागरूक है। सभी पानी की जरुरत को समझते हैं। उन्होंने घर-घर जाकर चर्चा की। गांव की बैठकों में बात रखी, लोगों ने सहमति दी।

# जिपं अध्यक्ष तारणी ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन, स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपना जन्मदिन एक अनूठे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया। उन्होंने अपने गृह ग्राम रजौली के स्कूल में बच्चों के बीच पहुंचकर न्यौता भोज का आयोजन किया और नन्हे–मुन्ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत न्यौता भोज की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए चंद्राकर ने अपने गांव के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के साथ संयुक्त रूप से इस विशेष भोज का आयोजन किया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय को स्कूलों से जोड़ना है। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आयोजन में कुल 147 विद्यार्थियों को विशेष स्नेह के साथ भोजन परोसा गया जिसमें प्राथमिक विद्यालय के 83 विद्याथएँ और माध्यमिक विद्यालय के 64 विद्याथएँ



शामिल हुए। चंद्राकर ने स्वयं बच्चों के साथ कतार में बैठकर भोजन ग्रहण किया और उनसे बातचीत कर उनकी पढ़ाई–लिखाई का हाल जाना। भोजन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्राकर ने बच्चों से उनके सपनों और भविष्य के बारे में चर्चा की जिससे बच्चे काफी उत्साहित नजर आए।

उन्होंने शिक्षकों से स्कूल की व्यवस्थाओं पर चर्चा की और बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि समाज के सक्षम लोग अपने विशेष अवसरों को बच्चों के साथ साझा कर उनके जीवन में खुशियां भर सकते हैं। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि बच्चों की निश्छल मुस्कान और उनके साथ बिताया गया समय किसी भी उपहार से कहीं अधिक मूल्यवान है। जन्मदिन पर इन बच्चों के बीच होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

जिला पंचायत अध्यक्ष के इस सादगी भरी पहल का गांव के वरिष्ठ नागरिकों और स्कूल के शिक्षकों ने सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह जमीन से जुड़ाव दिखाना आने वाली पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

इस दौरान प्रमुख रूप से राज कुमार बारले प्रधान पाठक, यशवंत कुमार साहू, सीमा शर्मा, ललिता बघमार, नीरा खुटेल, ओमप्रकाश साहू, जितेन्द्र साहू, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# अपर कलेक्टर ने एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों की ली बैठक, जिले में गैस का है पर्याप्त स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिले में घरेलु एलपीजी गैस का स्टॉक सभी वितरक एजेंसियों के पास पर्याप्त रूप से उपलब्ध है। अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे जिले के 11 एलपीजी एजेंसी संचालकों की बैठक लेकर उपभोक्ताओं को सुव्यवस्थित रूप से एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने हेतु चर्चा की तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में घरेलु गैस सिलेण्डर की निर्बाध आपूर्ति, बुकिंग नियमों और अवैध व्यावसायिक उपयोग पर कड़ाई के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान एजेंसी संचालकों ने बताया कि सॉफ्टवेयर के प्रावधानों के अनुसार उपभोक्ता एक निश्चित अवधि के बाद ही अगली रिफिल बुक कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता रिफिल प्राप्ति के 45 दिन बाद एवं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता रिफिल प्राप्ति के 25 दिन बाद बुकिंग कर सकते हैं। निर्धारित अवधि से पूर्व की गई बुकिंग सॉफ्टवेयर द्वारा स्वीकार नहीं



की जाएगी। बैठक में उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे इस निर्धारित समयावधि के पश्चात ही ऑनलाइन बुकिंग करें।

बैठक में बताया गया कि जिले में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। बालोद क्षेत्र के लिए बुकिंग के 05 से 06 दिन एवं अन्य क्षेत्र हेतु अधिकतम 05 दिनों के भीतर रिफिल की आपूर्ति किए जाने की जानकारी दी। सभी संचालकों को स्टॉक की उपलब्धता और रिफिल दर अपने परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने तथा ऑयल कंपनियों को समय पर राशि प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई में 6 घरेलू सिलेंडर जब्त

खाद्य विभाग की टीम द्वारा नियमों के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि डौण्डी क्षेत्र के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में छापामार कार्रवाई कर 06 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जिला प्रशासन ने होटल, ठेला और गुमटी संचालक घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग न करने की अपील की है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-202603242600010 अ-19 (3) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम सोरर एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा प्रस्तावित रायपुर-विशाखापटनम कॉरीडोर अंतर्गत ग्राम सोरर, विकासखण्ड गुरूर, जिला बालोद स्थित भूमि खसरा नंबर 1200 कुल रकबा 34.400 हे. शासकीय भूमि में से पूर्व में फूडपार्क की स्थापना हेतु चिन्हांकित रकबा 14.80 हे. शासकीय भूमि का हस्तांतरण नही होने के कारण उक्त खसरे की भूमि का रकबा 14.80 के स्थान पर 20.00 हे. शासकीय भूमि को औद्योगिक क्षेत्र/प्रयोजन हेतु छ.ग. शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर को हस्तान्तरित किये जाने हेतु संयुक्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन मय नक्शा की छायाप्रति सहित कलेक्टर महोदय बालोद को प्रस्तुत पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13/04/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार गुरूर,
जिला-बालोद (छ.ग.)

# महिला प्रताड़ना के 113 मामलों में 41 का निराकरण

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं प्रभारी सदस्य ओजस्वी मंडावी, सदस्य दीपिका सोरी, सदस्य सरला कोसरिया ने राज्य की महिलाओं को त्वरित राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक वृहद और संवेदनशील निर्णय लिया है। प्रेरणा सभा कक्ष बालगृह परिसर पांच बिल्डिंग में महा जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

- राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने की संभाग स्तरीय सुनवाई

प्रदेश स्तर पर 384 वीं और जिला स्तर पर 15 वीं सुनवाई हुई। दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई/राजनांदगांव (छ.ग.) के कुल 113 प्रकरणों की एक साथ सुनवाई की गई। दुर्ग के 62 प्रकरण में से 30 नस्तीबद्ध किए गए। बालोद के 4 में से 1, बेमेतरा के 17 में से 4, कबीरधाम के 4 में से 1, राजनांदगांव के 14 में से 4, मोहला-मानपुर के 7 में से 1 नस्तीबद्ध किए गए। खैरागढ़-छुईखदान के 5 में सुनवाई जारी है। इस प्रकार 113 प्रकरण में से 41 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये। दोनो पक्षों के कुल 155 पक्षकारों ने पंजीयन कराया था, बाकी पक्षकार अनुपस्थित रहे। आयोग ने देवार जाति की महिलाओं द्वारा नकली किनर बनकर आतंक मचाने की सुनवाई की। बताया गया कि वे भटगांव में रहती हैं। आयोग ने नकली किनर का मेडिकल परीक्षण कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## जु-जित्सू कोच व रेफरी परीक्षा में आर्यन को मिला ए ग्रेड

**बालोद।** ग्राम मेढ़की निवासी आर्यन साहू ने जु–जित्सू मार्शल आर्ट में कोच, रेफरी की परीक्षा में ए ग्रेड से उत्तीर्ण किया है। आर्यन साहू पिछले आठ वर्षों से जू जित्सू मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रहे है। जु–जित्सू मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा 28 फरवरी और 1 मार्च को कोच, रेफरी के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर एवं परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण एवं परीक्षा का संचालन जु–जित्सू एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव सेंसुई राणा, अजय सिंह और ट्रेजरार तथा रेफरी काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ के चेयरमैन सेंसुई सुरेश प्रसाद शांडिल्य के मार्गदर्शन में किया गया। आर्यन साहू की उपाधि पर उनके पिता दिनेश साहू, टहल साहू, निर्मल साहू, देवेंद्र साहू, राजू साहू, पीयूष साहू, देवाशीष साहू, राजा साहू ने हर्ष व्यक्त की है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर की नई कार्यकारिणी घोषित

**गुरूर।** अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर डॉ किशोर साहू द्वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अनुमोदित कार्यकारिणी का सूची जारी किया गया है। जिसमे कोशाध्यक्ष मनोज साहू, उपाध्यक्ष दुर्गु राम सिन्हा, धनुश राम साहू, केदार देवांगन, प्रभात धुरवे, रमेश जोगी, सरस्वती चन्द्राकर, महामंत्री शादिक अली हाशमी, सुमीत राजपूत, खिलेश्वर केहरी, एसकुमार कलिहारी, अजीत कुमार कुंजाम, मुकेश सार्वा, प्रतिभा साहू, ममता सिहारे, सचिव शिवम् कुरैटी, नारद यादव, कुलदीप साहू, जमील खान, तुलेश सिन्हा, डेमन देवांगन, केशव पटेल, तुलेश्वर सिन्हा, खोमेश्वरी साहू, गोदावरी सोनभद्र को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में बरसन ग्वालवंशी, दिनेश साहू, हेमलाल साहू, लाल खान, बुलेश्वर सिन्हा, दिव्या पटेल को बनाया गया है।

## होली पर युवक समेत परिजन से मारपीट

**बालोद।** गाली गलौज करने से मना करने पर तीन लोगों ने युवक व उनके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 18 पुराना बाजार राजहरा निवासी नोहर निषाद ने पुलिस को बताया कि शाम घर के सामने गली मे माता पिता के साथ होली मना रहे थे, होली मे नाच गाना के दौरान मोहल्लेवासी से वाद विवाद हो रहे थे जिसे मना करने पर कमलजीत सिंह, विवेक रंगारी, सूरज पासवान तीनो गाली गलौज करते हुए मेरे पिता बिरझु निषाद को लोहे की वस्तु से विवेक रंगारी द्वारा पाये पैर मे मारकर चोंट पहुंचाया है तथा कमलजीत सिंह व सूरज पासवान दोनो मेरी मां व मुझे लाठी डंडा से मारकर चोंट पहुंचाया है जिससे मेरे बाये हाथ की कलाई में एवं मेरी मां के बाये हाथ की उंगली मे चोंट आया है।

**कार्यक्रम :** पोस्टर, निबंध, प्रश्नोत्तरी व रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई दम

# महाविद्यालय खेरथा के फूड फेस्टिवल में हुई विविध प्रतियोगिताएं, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय महाविद्यालय खेरथा में श्रीअन्न (मिलेट) के महत्व, पोषण उपयोगिता तथा उसके व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से श्री अन्न (मिलेट) फूड फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।

■ जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं और विद्यार्थियों की रही सहभागिता

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेमन देशमुख जिलाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद, अध्यक्षता डा. यासर कुरैशी प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश करझरे सदस्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद, छत्तीसगढ़ शासन, कांति सोनबरसा अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी लोहारा, दुलारी बाई देवांगन सदस्य जनपद पंचायत डौंडी लोहारा, विवेक वैष्णव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शासकीय महाविद्यालय खेरथा, राधेश्याम देवांगन महामंत्री, मनोहर लाल भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत खेरथा तथा गोपाल प्रजापति भूतपूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शासकीय महाविद्यालय खेरथा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में श्री अन्न (मिलेट) के पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ तथा वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि श्री अन्न हमारे पारंपरिक आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है तथा वर्तमान समय में इसके पुनः प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। कांति सोनबरसा ने ग्रामीण क्षेत्रों में मिलेट के उपयोग एवं इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती साधना श्रीवास्तव ने पोषण आहार में मिलेट के महत्व को रेखांकित किया। अंत में चेमन देशमुख ने मिलेट को स्वस्थ जीवनशैली के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसके अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पोस्टर, निबंध, प्रश्नोत्तरी एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में श्री अन्न (मिलेट) से बने विभिन्न व्यंजनों एवं उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए, जिनका अतिथियों ने अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इन स्टॉलों में छात्र-छात्राओं, स्थानीय उद्यमियों तथा महिला स्व सहायता समूहों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# परिक्षेत्र साहू समाज का कर्मा महोत्सव 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

परिक्षेत्र साहू समाज देवरीबंगला द्वारा कर्मा महोत्सव का आयोजन 16 मार्च को ग्राम हथौद में किया जाएगा। इस संबंध में परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष गोपाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे कलश यात्रा एवं शोभायात्रा से होगी।

■ कलश यात्रा से होगी कार्यक्रम की शुरुआत

इसके बाद सुबह 10:00 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 1:00 बजे प्रशस्तिपत्र वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सायं 4:00 बजे महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। कर्मा महोत्सव के मुख्य अतिथि टूमन साहू उपाध्यक्ष, साहू समाज जिला बालोद होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष जिला बालोद किशोरी साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में पुष्पा कश्यप सदस्य न्याय प्रकोष्ठ, रमेश सोनवानी संरक्षक तहसील देवरी, अविनाश साहू उपाध्यक्ष तहसील देवरी, ऊर्मिला साहू उपाध्यक्ष तहसील देवरी, धनेश्वरी साहू सचिव तहसील साहू संघ देवरी, कान्तीप्रकाश सोनबरसा अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी लोहारा, चित्ररेखा साहू सभापति एवं जनपद सदस्य, जीवन कश्यप संयोजक विधि प्रकोष्ठ तथा टूमन साहू सभापति एवं जनपद सदस्य शामिल होंगे। परिक्षेत्र साहू समाज ने समाज के सभी सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कर्मा महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

## हरि कीर्तन 14 मार्च से



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम दनिया सिकोसा में 14 और 15 मार्च को कामता प्रसाद शरण के हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

# जिपं अध्यक्ष ने बुजुर्गों के बीच मनाया जन्मदिन, वस्त्र भेंट कर लिया आशीर्वाद

## महिला घरौंदा की 17 महिलाओं और पुरुष घरौंदा में 15 लोगों को बांटे वस्त्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजनीति और समाजसेवा जब एक साथ मिलते हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव की लहर दिखाई देती है।

इसी भावना को चरितार्थ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपना जन्मदिवस बेहद सादगी और सेवा भाव के साथ मनाया। उन्होंने अपना विशेष दिन समाज के उन बुजुर्गों और निराश्रितों के बीच बिताया जिन्हें प्यार और सम्मान की सबसे अधिक आवश्यकता है। जन्मदिन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने महिला घरौंदा, पुरुष घरौंदा और स्थानीय वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने न केवल वहां रह रहे लोगों का हाल–चाल जाना बल्कि उन्हें उपहार स्वरूप नए कपड़े और साड़ियाँ भी भेंट कीं। वितरण कार्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से तीन केंद्रों पर संपन्न किया गया, जिसमें महिला घरौंदा में रहने वाली 17 महिलाओं को साड़ियाँ और अन्य वस्त्र प्रदान किए गए। उपहार पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे तथा पुरुष घरौंदा में 15 पुरुषों को आवश्यक वस्त्र वितरित किए गए।

इसके अलावा बालोद जिला मुख्यालय के वृद्धाश्रम में निवास कर रहे 30 बुजुर्गों को भी नए कपड़े भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने स्वयं अपने हाथों से सभी को वस्त्र वितरित किए। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने अध्यक्ष को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की और उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी दुआएं दीं। कई बुजुर्ग भावुक भी नजर आए, उन्होंने कहा कि अक्सर लोग खास मौकों पर अपनों को याद करते हैं लेकिन अध्यक्ष ने हमें परिवार मानकर जो सम्मान दिया है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता और पद सेवा का एक माध्यम मात्र हैं। मेरे लिए जन्मदिन मनाने का इससे बेहतर तरीका और कोई नहीं हो सकता था कि मैं उन बुजुर्गों का आशीर्वाद लूं जिन्होंने समाज को बनाने में अपना जीवन दिया है। इन चेहरों की मुस्कान ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में जिला पंचायत के वरिष्ठ सदस्यों के साथ–साथ कई समाजसेवी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने अध्यक्ष की इस पहल की सराहना की और इसे अन्य लोगों के लिए एक प्रेरणा बताया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

# सुपोषण चौपाल में ग्रामीणों को दी गई पौष्टिक आहार की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के समाज कार्य के विद्यार्थियों द्वारा क्षेत्रीय कार्य के अंतर्गत ग्राम गोंडेला में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया।

■ गर्भवती माताओं और ग्रामीणों को दी सुपोषण की जानकारी

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माताओं और अन्य ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र में एकत्रित कर सुपोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने सुपोषण चौपाल के माध्यम से रेडी टू ईट पाउडर, हरी साग-सब्जी, मूंग, भाजी, चना आदि पौष्टिक खाद्य पदार्थों को नियमित भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच वागीश बंजारे उपस्थित रहे। साथ ही लीलाधर साहू (सचिव), राजेश साहू (पंच) एवं ढाल सिंह साहू (सहायक प्राध्यापक) भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों लेमन, विनय, दामन, विकास, आरती, डोमेश्वरी, नम्रता, ललिता, लोकेश्वरी, संजय, चंद्रशेखर, पदमनी, सिमरन, हेमिन, सरिता, ज्योति, यशोनिधि, पामेश्वरी, मनीषा, रामेश्वर, देविका और टिकेश्वरी की विशेष भूमिका रही।

# स्कूल में कराया शांति भोज

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में पदस्थ सहायक शिक्षक कमलकांत साहू द्वारा अपने पिता स्व. दशरथ लाल साहू की स्मृति में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में शांति भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को खीर, पुरी और बूंदी परोसकर भोजन कराया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव के सहायक शिक्षक टिकेंद्र रामटेके एवं राकेश कुमार यादव, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला के प्रधान पाठक रमन लाल धनेंद्र, राजेश यादव, सहायक शिक्षिका रेखा देशमुख, शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख, धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू उपस्थित रहे।

उपस्थित सभी शिक्षकों ने शांति भोज के आयोजन के लिए सहायक शिक्षक कमलकांत साहू का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रसोइया पत्रिका यादव, यमुना यादव एवं नविता यादव का विशेष योगदान रहा।



# आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर में आठवीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा छठवीं और सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा मिलकर किया गया।

■ छात्रों ने साझा किए विद्यालय में बिताए तीन वर्षों के अनुभव

जिसमें बैंड बाजे के साथ हस्त निर्मित बैच एवं गुलाल लगाकर कक्षा आठवीं के बच्चों को स्वागत किया गया तथा पेन भेंट किया गया। इस अवसर पर छात्र एवं शिक्षक गण साथ बिताए समय को याद कर भावुक हो गए। जयप्रकाश, गीतांजलि, राखी, हंसिनी, कुणाल आदि छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने तीन साल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और गुरूजनों को मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। शाला के वरिष्ठ शिक्षक वासुदेव पटेल ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उचित आहार, नींद और पर्याप्त जल लेते रहने की सलाह दी ताकि परीक्षा के समय स्वास्थ्य ठीक रहे। साथ ही परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए समय सारणी का पालन करते हुए निरंतर अभ्यास पर बल दिया।

शिक्षिका निशा साहू द्वारा 8वीं के सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ फाइल होल्डर भेंट किया गया। शिक्षिका द्वारा प्राथमिक शिक्षा पूर्णता की ओर अग्रसर होने पर बधाई के साथ शिक्षा की निरंतरता बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रति जिम्मेदार रहते हुए परीक्षा में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण सूत्र दिए। शिक्षक मनीष देशमुख द्वारा अपनी रूचि के विषय को पहचानकर उसी में विषय चयन कर भविष्य की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया गया। शाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य मोहनलाल साहू ने मन लगाकर पढ़ाई करने और गांव तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं की छात्राओं तनु एवं हीना ने किया। इस अवसर पर सभी छात्रों को नमकीन एवं मीठे का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में संदीप, काव्य, खुशी, मीरा, श्रद्धा, सुमन, जय, कुलेश्वर, मयंक सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पीएम श्री सेजेस में स्वस्थ आहार स्वस्थ जीवन पर जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वस्थ आहार स्वस्थ जीवन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाला प्राचार्य डी.आर. देवहरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने मोटा अनाज की उपयोगिता तथा जंक फूड और फास्ट फूड के शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक का मंचन किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ आहार के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर एम.डी. साहू, जामवंते मैडम और सालिक राम पटेल ने अपने व्याख्यान में बताया कि पूर्वजों के समय में मोटा अनाज से कई प्रकार के पौष्टिक व्यंजन बनाए जाते थे। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न बीमारियों में इन अनाजों का सेवन शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।

कार्यक्रम में शाला परिवार के जी.एस.आर्य, किरण ठाकुर, किरण देवांगन, प्रधान पाठक विभा चंद्राकर सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ आहार अपनाने और जंक फूड से दूरी बनाने का संदेश दिया।

## ट्रक की टक्कर से एक की मौत, वाहन जब्त

**भिलाई।** सड़क हादसे में बुधवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मृतक का शिनाख्त सहगांव निवासी नरसिंह यादव के रूप में हुई है। धमधा से दुर्ग मार्ग पर एचपी पेट्रोल पंप के आगे खान ढाबा के पास घटना हुई। तेज रफ्तार ट्रक ने नरसिंह को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**नवनीत महिला मानस मंडली के तत्वावधान में आयोजन**

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र और परीक्षित, मोक्ष का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिनों में गुरुवार को कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





कथा के दौरान पं. पाण्डेय महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सच्चे प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। जब सुदामा अपनी गरीबी के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे, तो भगवान ने अपने मित्र का बड़े प्रेम और सम्मान के साथ स्वागत किया। भगवान की कृपा से सुदामा का जीवन सुख-समृद्धि से भर गया। इसके बाद राजा परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि राजा परीक्षित को श्राप मिलने के बाद उन्होंने सात दिनों तक श्रीमद भागवत कथा का श्रवण किया और अंत में भगवान के धाम को प्राप्त हुए। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि भगवान की कथा का श्रवण मानव जीवन को मोक्ष की ओर ले जाता है। कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ चढ़ौतरी की गई। इस दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख, लक्ष्मी दिल्लीवार, जानकी साहू, अनुसुईया यादव, कुसुम, रीना साहू,डा. के. एल. दिल्लीवार, बी. एन. भरद्वाज, मालिक राम साहू, भूखन लाल दिल्लीवार, राहुल, साकेत पटेल, बंटी टेंटहाऊस के संचालक सचिन दिल्लीवार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411